प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर राज्यसभा में रखा भारत का रुख : शांति बहाली के लिए संवाद और कूटनीति का किया समर्थन।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को सौंपे नियुक्ति पत्र : कहा– प्रदेश के खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है सरकार।
3. मुख्यमंत्री ने आज निवेश मित्र–3.0 पोर्टल सिंगल विंडो सिस्टम का किया शुभारंभ : कहा– पारदर्शी नीतियों और सख्त कानून–व्यवस्था से बदली प्रदेश की पहचान।

और

4. सर्वोच्च न्यायालय का फैसला– हिन्दू, सिख और बौद्ध धर्म के अलावा किसी दूसरे धर्म में धर्मांतरण पर नहीं मिलेगा अनुसूचित जाति का दर्जा।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति बहाली के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन किया है। आज राज्यसभा में, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए, उन्होंने कहा कि भारत ने तनाव कम करने और होर्मुज जलडमरू मध्य को फिर से खोलने

का मुद्दा उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का उद्देश्य संवाद और कूटनीति के माध्यम से इस क्षेत्र में शांति बहाल करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार पेट्रोल, डीजल, तेल, गैस और उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। बाइट.......

*आज भारत के पास तिरपन लाख मीट्रिक टन से अधिक का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार है और पैंसठ लाख मीट्रिक टन से अधिक के संरक्षित की व्यवस्था पर देश काम कर रहा है। हमारी तेल कंपनियों के पास जो संरक्षित रहता है वो अलग है। बीते ग्यारह वर्षों में हमारी शोधन क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सरकार अलग अलग देशों के आपूर्तिकर्ताओं के साथ भी लगातार संपर्क में है। प्रयास यह है कि जहां से संभव हो वहां से तेल और गैस की आपूर्ति होती रहे।*

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र और पुरस्कार राशि का वितरण किया। कार्यक्रम में प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को लक्ष्मण अवार्ड और रानीलक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित किया गया। पेरिस ओलम्पिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी राजकुमार पाल और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को बतौर पुलिस उपाधीक्षक नियुक्ति दी गई है। वहीं पैऱा एथलीट अजीत सिंह को जिला पंचायतराज अधिकारी और पैरा एथलीट प्रीति पाल को खंड विकास अधिकारी के तौर परनियुक्त किया गया है। भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी रिंकू

सिंह क्षेत्रीय खेल अधिकारी बनाया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हॉकी खिलाड़ी उत्तम सिंह, जिम्नास्टिक्स के खिलाड़ी अभिजीत कुमार, कुश्ती खिलाड़ी जॉन्टी कुमार समेत कई अन्य खिलाड़ियों को लक्ष्मण अवार्ड से सम्मानित किया। वहीं एथलेटिक्स के लिए प्राची और तान्या चौधरी को रानीलक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए कई बड़े कदम उठाये गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार बेहतरीन इंफ्रास्ट्रकचर से लेकर अच्छा प्रशिक्षण और आर्थिक संबल देकर खिलाड़ियों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रयासरत है। बाइट.....

*आज प्रदेश में अवसर भी है, संसाधन भी है और प्रतिभा भी है। खेल आधारभूत संरचना और खेल की सुविधाओं को हम लोगों ने बेहतरीन करने का काम किया है। ओलम्पिक में जीतने वाले खिलाड़ी को एकल खेल में हम गोल्ड मेडल में ₹6 करोड़ की सहायता उसे उपलब्ध करवाते हैं।सिलवर में ₹4 करोड़ की राशि उपलब्ध करवाते हैं और ब्रांज में ₹2 करोड़ की राशि राज्य सरकार अपने स्तर पर उसे उपलब्ध करवाने का काम करती है। और उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने सरकारी सेवाओं में खिलाड़ियों को नौकरी में प्राथमिकता दी है।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में निवेश मित्र–3.0 पोर्टल सिंगल विंडो सिस्टम का शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने 85 से अधिक लेटर ऑफ कंफर्ट और दो हजार 781 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी भी हस्तांतरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में जारी अस्थिरता के बीच भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश आज निवेश व व्यापार के लिए एक सुरक्षित, स्थिर और भरोसेमंद पसंद बन कर सामने आया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में पारदर्शी नीतियों, सख्त कानून–व्यवस्था, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग–अनुकूल माहौल के जरिए अपनी पहचान को पूरी तरह बदला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश मित्र 3.0 पोर्टल को लॉन्च कर 200 से कम सेवाओं में समेकित किया गया है। बाइट.....

*थ्री जीरो निवेश मित्र का जो हमारा सिंगल विंडों का है। इसमें एक निर्बाध, पारदर्शी और पूर्वानुमानित के अनुभव को सुदृढ़ करने वाला एक प्लेटफार्म हम लोगों ने इस निवेश मित्र थ्री जीरो को आप सबके सामने प्रस्तुत किया है। इसमें हमारे तैंतालीस से अधिक विभागों की सेवाओं को, जिनमें पांच सौ तीस से अधिक सेवाओं को एक साथ समेकित कर दो सौ से कम सेवाओं तक सीमित किया है। इसमें सभी प्रमुख सेवाएं निर्धारित समय सीमा के अंदर उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की गई है।*

————————

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज ग्रेटर नोएडा में विश्व क्षय रोग दिवस पर 100 दिन के टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने निक्षय मित्रों को सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि सरकार देश को टीबी से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रही है। सरकार टीबी उन्मूलन के लिए 6 हज़ार 365 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न मंत्रालयों का सहयोग लिया जा रहा है।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि केवल हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अनुयायी ही अनुसूचित जाति का दर्जा पाने के पात्र हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी अन्य धर्म जैसे कि ईसाई धर्म में धर्मांतरण करने से अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूरी तरह से समाप्त हो जाता है। न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को बरकरार

रखते हुए कहा कि एक बार कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपना लेता है और सक्रिय रूप से उस धर्म का पालन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के 28 मार्च को प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम को देखते हुए आज मेरठ मंडल के मंडलायुक्त भानु चंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

---

चत्र नवरात्रि के छठे दिन प्रदेश भर के देवी मंदिरों में भक्त मां कात्यायनी की उपासना कर रहे है। वाराणसी में सुबह से ही माँ कात्यायनी देवी के दर्शन के लिए श्रद्धालु माता के दरबार पहुंच रहे हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज मिर्ज़ापुर में मांविंध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में गैस या पेट्रोल की कोई किल्लत नहीं है। बाइट.....

*ना गैस की किल्लत है, ना तेल की किल्लत है और भारत संपूर्ण संकटों के बीच में से भी भारतवासियों की जो जरूरत है उसको पूरा करने*

*के तमाम वैकल्पिक उपाय कर लिया है और इन संकटों से देशवासी एकजुट होकर के लड़ाई लड़ते हैं और विजय प्राप्त करते हैं और यह वैश्विक एक संकट है। इससे भी पार पाएंगे।*

————————

अयोध्या में रामनवमी के पर्व को देखते हुए प्रशासन विशेष तैयारियां कर रहा है। अयोध्या के एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बताया कि आयोजन के मद्देनज़र शहर में सुरक्षा यातायात और पार्किंग के विशेष इंतज़ाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मेले को देखते हुए आज से 27 मार्च रात 12 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश शहर में पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान अयोध्या की तरफ आने वाले वाहनों का वैकल्पिक मार्गों की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

बाइट......

*सत्ताईस तारीख को रामनवमी का आयोजन यहां पर होना है। जिसके दृष्टिगत पूरे अयोध्या धाम को छह जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन के प्रभारी एक एडिशनल एसपी लगाए गए हैं। जनपदीय पुलिस के साथ–साथ बाहर से भी अधिकारी और फोर्स हमको प्राप्त हो गया है। इस व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक का डायवर्जन का और पार्किंग का भी एक वृहद प्लान बनाया गया है जिसको आलरेडी जारी कर दिया गया है। सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा एसडीआरएफ और एऩडीआरएफ की टीम भी लगाई गई हैं।*

(समाप्त)